# जन प्रकाशन

JAN PRAKASHAN NEWS

इन्दौर-भोपाल से एकसाथ प्रकाशित

janprakashan@gmail.com www.janprakashan.com

सत्य ● साहस ● सरोकार

दो गज की दूरी मास्क है जरूरी





वर्ष-9 अंक-52 इन्दौर, गुरुवार, 9 से 15 जून, 2022 पृष्ठ-8 मूल्य- 2 रुपए


## खबरों का खजाना

### पूर्व दस्यू मलखान सिंह की पत्नी निर्विरोध सरपंच

**गुना (एजेंसी)।** गुना जिले के आरोन इलाके की पूरी सिनगयाई पंचायत



निर्विरोध चुनी गई है। सरपंच और सभी 12 पंच महिलाएं हैं। निर्विरोध सरपंच चुनी गई ललिता राजपूत पूर्व दस्यू मलखान सिंह की पत्नी हैं। मुख्यमंत्री ने ऐसी पंचायत को 15 लाख देने की घोषणा की थी, जहां सरपंच और पंच पद पर महिलाएं निर्विरोध चुन ली जाएं।

### बिल्डिंग में लगी आग, 80 लोगों की बचाई जान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** साउथ ईस्ट दिल्ली के लाजपत नगर में आज उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक बिल्डिंग के बेसमेंट में अचानक आग लग गई। मौके पर पहुंची फायर की टीम ने जहां एक तरफ आग बुझाने की टीम लगाई। वहीं, दूसरी तरफ बिल्डिंग के पीछे जाकर शीशे तोड़कर लगभग 80 लोगों की जान बचाई। लाजपत नगर स्थित इस बिल्डिंग में इलेक्ट्रिक पैनल में अचानक ओवरहीटिंग के कारण आग लग गई। आग इतनी तेज लगी थी कि ऊपर तक की मंजिलों में उसकी लपटें चली गईं और ऊपर की तीनों मंजिलों में काफी घुआं चला गया। जैसे ही फायर को आग का पता चला मौके पर पहुंचकर फायर सर्विस ने आग बुझानी शुरू की। बिल्डिंग के पीछे की तरफ से दिल्ली पुलिस के जवानों और फायर सर्विस की टीम ने बिल्डिंग के शीशे तोड़कर बिल्डिंग में फंसे 80 लोगों की जान बचाई। आग बहुत भयंकर थी, लेकिन दिल्ली पुलिस और फायर सर्विस की मुस्तैदी से बिल्डिंग में फंसे सभी लोगों की जान बच गई और आग पर भी काबू पा लिया गया।

### मुख्यमंत्री ने कुएँ में गैस रिसाव से हुई मौतों पर दु:ख व्यक्त किया

**भोपाल (जसं)।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने बालाघाट जिले की बिरसा तहसील के ग्राम कुदान में एक कुएँ में जहरीली गैस के रिसाव के कारण पाँच नागरिकों के असामयिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और शोकाकुल परिजन को यह गहन दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। उन्होंने घटना में घायल बालक के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन बालाघाट को प्रभावित परिवारों को तात्कालिक रूप से आर्थिक सहायता देते हुए राजस्व पुस्तक परिपत्र के प्रावधानों के अनुसार राहत प्रकरण तैयार कर राशि प्रदान करने के निर्देश भी दिए हैं।



# राष्ट्रपति के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा जारी

देश में राष्ट्रपति चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया गया है। जानकारी देते हुए चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि 24 जुलाई को राष्ट्रपति कोविंद का कार्यकाल खत्म हो रहा है। चुनाव में कोरोना के नियमों का पालन किया जाए। दिल्ली में वोटों की गिनती होगी। 15 जून को अधिसूचना जारी होगी। 29 जून तक नामांकन जमा किया जा सकता है। 18 जुलाई को राष्ट्रपति चुनाव होगा और 21 जुलाई को नए राष्ट्रपति की घोषणा कर दी जाएगी।

नई दिल्ली ■ एजेंसी

**चुनाव आयोग ने देश के नए राष्ट्रपति के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का कार्यकाल 24 जुलाई को समाप्त हो रहा है और अगले राष्ट्रपति का चुनाव इससे पहले ही होना है। चुनाव आयोग ने प्रेस कांफ्रेंस में इसकी घोषणा की। आयोग ने कहा कि कोई भी दल अपने सदस्यों के व्हिप जारी नहीं करेगा।**

### कुल 776 सांसद लेंगे वोटिंग में हिस्सा

वोटर को अपनी पसंद के कैंडिडेट के सामने 1, 2, 3 लिखकर बताना होगा। 776 सांसद वोटिंग में हिस्सा लेंगे। कोई भी राजनीतिक दल अपने सदस्यों के लिए व्हिप जारी नहीं करेगा।

### संसद भवन और राज्य की विधानसभाओं में होगी वोटिंग

राष्ट्रपति चुनाव के लिए वोटिंग सांसद संसद भवन नई दिल्ली में वोट करेंगे। वहीं, विधानसभा के सदस्य अपनी विधानसभा में वोट कर सकेंगे। किसी आपात स्थिति में सांसद और विधायक कहीं भी वोट डाल सकते हैं, लेकिन इसके लिए उन्हें 10 दिन पहले चुनाव आयोग को बताना होगा।



### कुल वोटर्स की संख्या 4,809

चुनाव आयोग ने कहा कि राष्ट्रपति चुनाव के कुल वोटरों की संख्या 4,809 है। इसमें लोकसभा के सांसद और सभी राज्यों के विधानसभा के विधायक शामिल हैं। वोट डालने के लिए चुनाव आयोग सभी वोटरों को पेन देगा।

### राष्ट्रपति चुनाव में ये लेंगे भाग

राष्ट्रपति का चुनाव संसद के दोनों सदनों के निर्वाचित सदस्यों के चुनावी कॉलेज के सदस्यों और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी समेत सभी राज्यों की विधानसभाओं के निर्वाचित सदस्यों के मतों के जरिए किया जाता है।

### सांसद के वोट का वेटेज

सांसदों के मतों के वेटेज का गणित अलग है। सबसे पहले सभी राज्यों की विधानसभाओं के इलेक्टेड मेंबर्स के वोटों का वेटेज जोड़ा जाता है। अब इस सामूहिक वेटेज को राज्यसभा और लोकसभा के इलेक्टेड मेंबर्स की कुल संख्या से डिवाइड किया जाता है। इस तरह जो नंबर मिलता है, वह एक सांसद के वोट का वेटेज होता है। अगर इस तरह भाग देने पर शेष 0.5 से ज्यादा बचता हो तो वेटेज में एक का इजाफा हो जाता है।

### एमएलए के वोट का वेटेज

विधायक के मामले में जिस राज्य का विधायक हो, उसकी आबादी देखी जाती है। इसके साथ उस प्रदेश के विधानसभा सदस्यों की संख्या को भी ध्यान में रखा जाता है। वेटेज निकालने के लिए प्रदेश की पॉपुलेशन को इलेक्टेड एमएलए की संख्या से डिवाइड किया जाता है। इस तरह जो नंबर मिलता है, उसे फिर 1000 से डिवाइड किया जाता है। अब जो आंकड़ा हाथ लगता है, वही उस राज्य के एक विधायक के वोट का वेटेज होता है। 1000 से भाग देने पर अगर शेष 500 से ज्यादा हो तो वेटेज में 1 जोड़ दिया जाता है।

# रेपो रेट बढ़ने से लोन महंगे : 20 साल वाले 10 लाख के होम लोन पर करीब 300 रु. ईएमआई बढ़ेगी

**रेपो रेट 0.50% बढ़ाकर 4.90 प्रतिशत किया**

नई दिल्ली ■ एजेंसी

बढ़ती महंगाई से चिंतित भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने रेपो रेट में 0.50 प्रतिशत इजाफा किया है। इससे रेपो रेट 4.40 प्रतिशत से बढ़कर 4.90 प्रतिशत हो गया है यानी होम लोन से लेकर ऑटो




और पर्सनल लोन सब कुछ महंगा होने वाला है और आपको ज्यादा ईएमआई चुकानी होगी। ब्याज दरों पर फैसले के लिए 6 जून से मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग चल रही थी। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने प्रेस कांफ्रेंस में ब्याज दरों पर लिए फैसलों की जानकारी दी।

### रेपो रेट और ईएमआई का कनेक्शन

रेपो रेट वो दर होती है जिस पर आरबीआई से बैंकों को कर्ज मिलता है, जबकि रिवर्स रेपो रेट उस दर को कहते है जिस दर पर बैंकों को आरबीआई पैसा रखने पर ब्याज देती है। जब आरबीआई रेपो रेट घटाता है, तो बैंक भी ज्यादातर समय ब्याज दरों को कम करते हैं। यानी ग्राहकों को दिए जाने वाले लोन की ब्याज दरें कम होती हैं, साथ ही ईएमआई भी घटती है। इसी तरह जब रेपो रेट में बढ़ोतरी होती है, तो ब्याज दरों में बढ़ोतरी के कारण ग्राहक के लिए कर्ज महंगा हो जाता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि कॉमर्शियल बैंक को केंद्रीय बैंक से उच्च कीमतों पर पैसा मिलता है, जो उन्हें दरों को बढ़ाने के लिए मजबूर करता है।


2 भारत जैसा कोई और नहीं

5 इन्दौर से विधायक संजय शुक्ला...

7 मिताली राज ने लिया क्रिकेट से...

## संपादकीय

# खेल संस्कृति को मिलेगा बढ़ावा

हरियाणा की मेजबानी में शुरू हुए खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2021 निश्चय ही देश में स्वस्थ खेल स्पर्धाओं के विकास का सुनहरा अवसर है। निस्संदेह खेल सर्वोच्च मानवीय क्षमताओं का प्रदर्शन ही है, साथ ही एक स्वस्थ समाज के निर्माण में भी सहायक है। इन खेलों में ऐसी कई नई प्रतिभाएं राष्ट्र को मिलेंगी, जिन्हें अपना सर्वोत्तम प्रदर्शन दिखाने का अवसर नहीं मिल पाता। निश्चय ही युवाओं की रचनात्मक ऊर्जा को अभिव्यक्त करने वाले खेल खिलाड़ी को सर्वोत्तम करने को प्रेरित करते हैं जिससे एक स्वस्थ प्रतियोगिता का विकास होता है। खिलाड़ी जहां खेलों में पदक जीतने की स्पर्धा में अपना सर्वोत्तम प्रदर्शन करने का प्रयास करते हैं वहीं उनमें स्वस्थ व शक्तिशाली शरीर तैयार करने की भी भावना का विकास होता है। निस्संदेह पिछले कुछ वर्षों में हरियाणा देश की खेल राजधानी के रूप में उभरा है। दुनिया की तमाम अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में हरियाणा की खेल प्रतिभाएं सफलता के परचम लहरा रही हैं।



● मनोज चौबे
प्रधान संपादक, जन प्रकाशन


निस्संदेह इसमें राज्य सरकारों की खेल नीतियों व आकर्षक पुरस्कारों की बड़ी भूमिका रही है। हरियाणा में अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में पदक जीतने पर मिलने वाले बड़े पुरस्कार व नौकरियां खिलाड़ियों को अपना सर्वोत्तम खेल प्रदर्शन करने को प्रेरित करती हैं। अब यह पहल देश के कुछ अन्य राज्यों में हुई है जो भारत में खेल संस्कृति को समृद्ध करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। निस्संदेह, कोई भी खेल हो, जीतने व हारने वाले को नई प्रेरणा दे जाते हैं। विजेता को जीत के अहसास से सुकून मिलता है तो हारने वाले को आत्ममंथन का मौका दे जाते हैं खेल कि उसे अभी और मेहनत करनी है। विगत दिवस पंचकूला में आयोजित खेलों के उद्घाटन समारोह में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हरियाणा के अंतर्राष्ट्रीय खेलों में उम्दा प्रदर्शन की मुक्त कंठ से प्रशंसा की और हरियाणा को देश की खेल राजधानी कहा। साथ ही यह भी कि ये खेल महज स्पर्धा ही नहीं हैं बल्कि खिलाड़ियों को दुनिया की महत्वपूर्ण खेल स्पर्धाओं में पहुंचाने की सीढ़ी भी हैं। निस्संदेह ऐसे आयोजनों से देश में खेलों की ढांचागत सुविधाओं के विस्तार, खिलाड़ियों के चयन में पारदर्शिता लाने व उचित प्रशिक्षण का मार्ग प्रशस्त होता है। ऐसे आयोजनों में भाग लेने वाले कालेजों के छात्र-छात्राएं आगे चलकर राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में चमकते-दमकते हैं और देश का नाम रौशन करते हैं। हाल के दिनों में रोज ही मिलने वाले सोने, चांदी व कांस्य पदक भारत के अंतर्राष्ट्रीय खेलों में बेहतर प्रदर्शन को दर्शाते हैं। वहीं बड़ी वैश्विक खेल ताकतों का मुकाबला करने के लिये बड़े स्तर पर प्रयास करने की जरूरत को बताते हैं। देश में चीन की तर्ज पर बच्चों को बचपन से ही कड़े खेल प्रशिक्षण से गुजारने की जरूरत है। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं के लिये चयन हेतु पारदर्शी व्यवस्था बनाने की भी आवश्यकता है। सरकार को पिछड़े, आदिवासी व दुर्गम इलाकों से आने वाली प्रतिभाओं को तराशने, संवारने और निखारने के लिये भगीरथ प्रयास करने की जरूरत है। निस्संदेह खेलो इंडिया जैसे कार्यक्रम देश में समृद्ध खेल संस्कृति के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। -सा.

# भारत जैसा कोई और नहीं

इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) के सदस्य 57 देश हैं। आश्चर्य है कि अभी तक सिर्फ 16 देशों ने ही अपनी प्रतिक्रिया दी है। दिल्ली में हुए पैगंबर-कांड पर शेष मुस्लिम राष्ट्र अभी तक क्या विचार कर रहे हैं, कुछ पता नहीं। शायद वे यह जानने की कोशिश कर रहे हैं कि आखिर भाजपा प्रवक्ता ने पैगंबर मोहम्मद के बारे में वास्तव में कहा क्या है? जो कुछ टीवी चैनल पर कहा गया है और बाद में ट्वीट किया गया है, उसे पूरी तरह से हटा लिया गया है, इसीलिए अब उसके विरुद्ध जो कुछ भी कहा जाएगा, वह किसी अन्य स्त्रोत से जानकर कहा जाएगा। यह भारत-विरोधी अभियान अब वैसे ही चलेगा, जैसे कि अफवाहों के दम पर कई अभियान चला करते हैं। भारत सरकार के प्रवक्ता और हमारे राजदूतों ने सभी देशों को आगाह कर दिया है कि भारत सरकार का इस तरह के निरंकुश बयानों से कुछ लेना-देना नहीं है, लेकिन दुनिया के सभी इस्लामी देशों में भारत को बदनाम करने का अभियान अभी जोरों से चलता रहेगा। भारत सरकार इसकी काट करती रहेगी, लेकिन उसको इससे डरने की कोई जरूरत नहीं है। यदि कोई देश भारत से संबंध तोड़ता है तो उससे भारत का नुकसान जरूर होगा, लेकिन उस देश का नुकसान भारत से कहीं ज्यादा होगा। अंतरराष्ट्रीय संबंध कभी भी एकतरफा नहीं होते। जहां तक मोदी सरकार का सवाल है, उसने इस्लामी राष्ट्रों के साथ अपने संबंध काफी घनिष्ट बनाए हैं। यदि मोदी खुद भी एक बयान जारी करके इस्लामी राष्ट्रों की समझ को ठीक कर दें तो इसमें कोई बुराई नहीं है। जैसे उन राष्ट्रों ने भारत का विरोध करके एक औपचारिकता निभाई है, वैसे ही मोदी भी कूटनीतिक औपचारिकता निभा सकते हैं।



इस मामले को लेकर कानपुर में जरूर तोड़-फोड़ हुई है, लेकिन देश के हिंदुओं और मुसलमानों ने काफी संयम का परिचय दिया है। शिवलिंग और पैगंबर के बारे में कही गई आपत्तिजनक बातों को उन्होंने अपने जी से नहीं लगाया और वे सारा तमाशा भौंचक होकर देख रहे हैं। कुछ विपक्षी नेताओं के भड़काने का कोई खास असर दिखाई नहीं पड़ रहा है। एक सर्वेक्षण से यह भी पता चला है कि देश के 89 प्रतिशत हिन्दू और 85 प्रतिशत मुसलमान किसी भी अन्य धर्म के लोगों को ठेस पहुंचाने के विरुद्ध हैं। जो 10-15 प्रतिशत लोग ऐसा नहीं मानते, उनका कहना है कि किसी को भी अच्छा लगे या बुरा, सच तो



डॉ. वेदप्रताप वैदिक
(लेखक, भारतीय विदेश नीति परिषद् के अध्यक्ष और अफगान मामलों के विशेषज्ञ हैं)
dr.vaidik@gmail.com

सच है। उसे बोलने और लिखने की आजादी सबको मिलनी चाहिए। मैं भी इस बात को मानता हूं, लेकिन जो बुरा लगे, वह बोलकर आप किसका भला करते हैं? आपकी अच्छी बात का भी असर तो अच्छा नहीं होगा, इसीलिए जो कुछ भी बोला जाए, वह सच तो हो लेकिन प्रिय भी हो। इसे ही सत्यं ब्रूयात्, प्रियं ब्रूयात् कहा गया है। झूठ मत बोलो। हमेशा सच बोलो, लेकिन वह कटु न हो, यह भी जरूरी है। भारत के ज्यादातर लोग इसी बात में विश्वास करते हैं, इसीलिए यहां दर्जनों देशी और विदेशी धर्म तथा संप्रदाय सैकड़ों वर्षों से फल-फूल रहे हैं। क्या दुनिया का कोई अन्य देश ऐसा है, जिसमें इतनी विविधता हो और उसके साथ-साथ इतनी सहिष्णुता भी हो? इस अनन्य भारतीय संस्कार का ही परिणाम है कि भारत के मुसलमान, ईसाई, यहूदी, अहमदिया और बहाई लोग अपने विदेशी स्वधर्मियों के मुकाबले अधिक उदार, अधिक भक्तिमय और अधिक मानवीय हैं।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

## राशिफल

**मेष**
किसी विश्वसनीय व्यक्ति के सहयोग से विरोधियों पर काबू पा सकेंगे। आपसी मामलों में सावधानी आवश्यक है।

**वृष**
नौकरी में ऐच्छिक पदोन्नति के योग हैं। लेन-देन के मामलों में सावधानी रखें। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मेल-जोल बढ़ेगा।

**मिथुन**
भूमि-भवन तथा निर्माण कार्य आदि से जुड़ने का योग। रोजगार के नवस्रोतों का विकास होगा। परिवार में सुखद माहौल रहेगा।

**कर्क**
रुके हुए धन की प्राप्ति संभव है। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें। किसी से अकारण विवादों में उलझने के योग हैं। प्रगति होगी।

**सिंह**
धन-संपत्ति के मामलों में इच्छित परिणाम की उम्मीद कर सकते हैं। पूंजी निवेश का लाभ आपको भविष्य में मिल सकता है।

**कन्या**
पारिवारिक मांगलिक कार्यक्रमों की रूपरेखा बनेगी। कहीं से बड़ी रकम की प्राप्ति का आश्वासन मिल सकता है।

**तुला**
व्यापार में इच्छित लाभ के योग हैं। संतान की समस्या रहेगी। किसी बड़े विवादित मामले के सुलझने से राहत महसूस करेंगे।

**वृश्चिक**
अधिकार क्षेत्र विस्तृत होगा। आलस्य एवं उदासीनता का त्याग करें। विवादास्पद स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

**धनु**
कामकाज तथा व्यापार के क्षेत्र में नई संभावनाओं पर ध्यान देंगे। जोखिम से दूर रहें। किसी योजना पर चिंतन-मनन एवं परामर्श होगा।

**मकर**
परिचित व्यक्तियों की मदद मिलेगी। कामकाज तथा व्यापार के क्षेत्र में मंदी रहेगी। आवासीय स्थितियों में परिवर्तन संभव है।

**कुंभ**
आर्थिक तथा पूंजीगत उपायों में सफलता के योग हैं। व्यापार में नई योजनाओं की शुरुआत है। स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी।

**मीन**
उच्चाधिकारी तथा व्यापारी वर्ग को लाभ होगा। सुखद प्रवास होगा। कार्यक्षेत्र तथा व्यवसाय में अनुकूल परिणाम मिलने की संभावना है।

# एयरपोर्ट और प्लेन में मास्क लगाना हुआ फिर अनिवार्य



नई दिल्ली ■ एजेंसी

महाराष्ट्र समेत देश के कुछ राज्यों में एक बार फिर से कोरोना केस बढ़ने लगे हैं। कोरोना वायरस की रोकथाम को लेकर केंद्र सरकार ने राज्यों को फिर से अलर्ट रहने की चेतावनी दी है। इस बीच कोरोना वायरस की बढ़ती रफ्तार को देखते हुए डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) भी एक्टिव हो गया है। डीजीसीए ने कोरोना संक्रमण की रोकथाम को लेकर एयरपोर्ट्स अथॉरिटीज और पैसेंजर्स के लिए नए नियम लागू किए हैं। डीजीसीए ने नए नियम दिल्ली हाईकोर्ट के आदेशों के अनुरूप जारी किए हैं। नए नियमों में डीजीसीए ने विमान यात्रा के दौरान मास्क को अनिवार्य कर दिया है। अब सिर्फ असाधारण स्थिति में ही मास्क हटाने की अनुमति दी जाएगी। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वाले यात्रियों के खिलाफ कार्रवाई की जाने की बात भी कही जा रही है। दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार, उल्लंघन करने वालों को नो फ्लाई लिस्ट में रखा जा सकता है।

## अलकायदा या कोई भी आतंकी संगठन कायदे में रहे, कायदे में रहेंगे तो फायदे में रहेंगे : गृहमंत्री

# नक्सली प्रदेश से दूर रहें, कोरोना के बढ़ते आंकड़ों पर सरकार और स्वास्थ्य विभाग की नजर : डॉ. मिश्रा





**जन प्रकाशन ■ इन्दौर**

गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा इंदौर प्रवास के दौरान भाजपा कार्यालय में जिला कोर कमेटी की बैठक में शामिल हुए। बाद में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मैं यहां चुनाव समिति पर चर्चा करने आया हूं। महापौर के टिकट पर चर्चा नहीं करना चाहता। कोर कमेटी की बैठक में राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, महामंत्री भगवानदास सबनानी, कैबिनेट साथी तुलसी सिलावट व उषा ठाकुर, विधायक रमेश मेंदोला, महेंद्र हार्डिया, मालिनी गौड़, आकाश विजयवर्गीय और नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे सहित कई पदाधिकारियों ने भाग लिया। नक्सलियों से जुड़े सवाल पर गृह मंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में नक्सली घुसने की कोशिश न करें। गृह मंत्री ने कहा कि बालाघाट में वे हरकतें कर रहे हैं उस पर कार्रवाई की जाएगी। इंदौर में महापौर के टिकट घोषित नहीं किए जाने के सवाल पर गृहमंत्री ने कहा कि इसके पहले भी भोपाल लोकसभा चुनाव में दिग्विजयसिंह के सामने टिकट देर तक घोषित नहीं किया था। जब घोषित किया तो नतीजा सब जानते हैं। कोरोना के फिर सिर उठाने के बारे में उन्होंने कहा कि सरकार और स्वास्थ्य विभाग उस पर नजर रखे है। गृह मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग और सरकार दोनों पूरी निगाह कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण पर निगाह बनाए हैं, किसी भी कीमत पर कोविड-19 को प्रदेश में पैर पसारने नहीं दिया जाएगा। कोरोना से लड़ने के लिए वैक्सीन साथ है। इसके बाद जब पत्रकारों ने उनसे अलकायदा द्वारा दी गई धमकी के बारे में पूछा तो मध्यप्रदेश के गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा, अलकायदा या कोई भी आतंकी संगठन कायदे में रहे। कायदे में रहेंगे तो फायदे में रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह का नेतृत्व है। वहीं डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने तमाम आतंकी संगठनों को चेतावनी देते हुए कहा कि देश में आतंकी गतिविधियों का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। कोई भी देश में भूलकर भी हिंसा फैलाने का प्रयास न करे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आज पूरी तरह से सुरक्षित है। अलकायदा सहित कोई भी आतंकवादी संगठन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। देश पर हमला करने की सोच रखने वालों का नामो-निशान मिट जाता है।

# नगरीय निर्वाचन के नियम-कानूनों से राजनैतिक दलों को अवगत कराया

## कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष सिंह की अध्यक्षता में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक संपन्न

**जन प्रकाशन ■ इन्दौर**

*कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष सिंह की अध्यक्षता में नगरीय निर्वाचन के संदर्भ में*



*स्टैंडिंग कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में निर्वाचन से जुड़े नियमों से सभी राजनैतिक दलों को अवगत कराया गया। कलेक्टर मनीष सिंह ने बैठक में कहा कि राजनैतिक दल इन नियमों को भली-भाँति समझ लें और उसी के अनुरूप निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लें।*



### उम्मीदवार का बैंक खाता अनिवार्य

उन्होंने बताया कि सभी उम्मीदवारों को बैंक खाता खोलना अनिवार्य रहेगा। इस संबंध में सभी बैंकर्स को प्रशासन द्वारा निर्देशित किया गया है कि वे उम्मीदवारों का खाता प्राथमिकता से खोलें। बैठक में निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक एस.बी. सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने बताया कि इस बार निर्वाचन में पेड न्यूज की निगरानी की जायेगी।

### व्यय सीमा का कड़ाई सा पालन

बैठक में बताया गया कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित व्यय सीमा का कड़ाई से पालन करना होगा। बैठक में जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा निर्वाचन के दौरान होने वाले व्यय से संबंधित आवश्यक गतिविधियों के रेट निर्धारण से सभी को अवगत कराया गया।

### एसडीएम द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र होगा मान्य

कलेक्टर मनीष सिंह ने बताया कि आरक्षित पदों में उम्मीदवारों के जाति प्रमाण पत्र एस.डी.एम. द्वारा जारी किया जाना आवश्यक होगा। तहसीलदार द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र मान्य नहीं होगा।

### कानून व्यवस्था के माकूल इंतजाम

बैठक में पुलिस कमिशनर हरिनारायणचारी मिश्रा ने बताया कि कानून व्यवस्था से संबंधित सभी माकूल इंतजाम किए जा रहे हैं। अभी तक 7 हजार 89 लाइसेंसी शस्त्रों में 2 हजार 835 शस्त्र जमा करा लिए गए हैं और 223 शस्त्र लाइसेंसों के प्रकरण में नियमानुसार छूट प्रदान की गई है।

### नो-ड्यूज प्रमाण पत्र कलेक्टर कार्यालय से

आयुक्त नगर निगम श्रीमती प्रतिभा पाल ने बैठक में राजनैतिक दलों को जानकारी दी कि नगर निगम से संबंधित नो-ड्यूज प्रमाण-पत्र बनाने के लिए कलेक्टर कार्यालय में व्यवस्था की गई है। नगर निगम के कर्मचारी दो शिफ्ट में प्रात: 8 बजे से यहाँ उपलब्ध रहेंगे।

### शंकाओं का किया समाधान

बैठक में उपस्थित विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया। बैठक में एडिशनल पुलिस कमिश्नर राजेश हिंगणकर, मनीष कपूरिया, पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) भागवत सिंह बिरदे, सभी एडीएम और रिटर्निंग ऑफिसर उपस्थित थे।

# इन्दौर नगर निगम तथा 8 नगर परिषदों के लिए 191 सेक्टर अधिकारी नियुक्त, पहला प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

## निष्पक्ष, भयमुक्त तथा व्यवस्थित रूप से निर्वाचन कराने के बताए गए तौर तरीके

जन प्रकाशन ■ इन्दौर

इंदौर जिले में नगरीय निकायों के निर्वाचन के लिए व्यापक रूप से तैयारियां जारी हैं। जिले के इंदौर नगर निगम सहित सभी आठों नगर परिषदों में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण तथा पारदर्शी रूप से निर्वाचन संपन्न कराने के लिए 191 सेक्टर अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। इन सेक्टर अधिकारियों का पहला प्रशिक्षण कार्यक्रम यहां एआईसीटीएसएल के सभाकक्ष में संपन्न हुआ।




प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर मनीष सिंह तथा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक एस. बी. सिंह विशेष रूप से मौजूद थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सेक्टर अधिकारियों को उनके कार्य, जिम्मेदारियां, अधिकार एवं कर्तव्य आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। कलेक्टर मनीष सिंह ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में सेक्टर अधिकारियों की भूमिका अतिमहत्वपूर्ण है। उनका दायित्व निर्वाचन की घोषणा से निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण होने तक चुनाव प्रबंधन के लिए रहता है। उन्हें निर्धारित दिवसों में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के अधिकार भी रहते हैं।

कलेक्टर मनीष सिंह ने निर्देश दिए कि मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन और वहां की मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन अतिशीघ्र कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें, जिससे कि मतदान केंद्रों में आवश्यक सुधार करवाया जा सके। उन्होंने कहा कि मतदान दलों के कार्यों पर सतत निगरानी रखें। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की सुरक्षा पर भी सेक्टर अधिकारी ध्यान रखें। मतदान के दिन ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करें जिससे कि मतदान व्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संपन्न हो।

प्रेक्षक एस.बी. सिंह ने कहा कि सभी अधिकारी सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन पूर्ण गंभीरता के साथ करें। अपने कार्यों में किसी भी तरह की कोताही नहीं बरतें। बताया गया कि सभी सेक्टर अधिकारी आवंटित मतदान केंद्रों का भ्रमण कर मानकों के आधार पर संवेदनशील, अतिसंवेदनशील तथा वल्नरेबल मतदान केंद्रों का चयन करेंगे। सेक्टर अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में निष्पक्ष, निर्भीक, भयमुक्त, शांतिपूर्ण तथा पारदर्शी रूप से निर्वाचन संपन्न कराने की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित करेंगे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर डॉ. आर.के. पांडे ने विस्तार से प्रशिक्षण दिया।

# ऑल इंडिया स्मार्ट सिटी रैंकिंग में इंदौर फिर प्रथम स्थान पर



जन प्रकाशन ■ इन्दौर

कलेक्टर मनीष सिंह ने और इंदौर स्मार्ट सिटी कार्यपालन निदेशक एवं आयुक्त प्रतिभा पाल ने बताया कि देश की समस्त स्मार्ट सिटी में विभिन्न श्रेणियों में किए जा रहे कार्यों की ओवर ऑल रैंकिंग में इंदौर स्मार्ट सिटी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इंदौर स्मार्ट सिटी सीईओ ऋषभ गुप्ता ने बताया कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत देश की विभिन्न स्मार्ट सिटी में किए जा रहे कार्यों की केंद्र सरकार द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जाती है, जिसके तहत स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत प्रचलित कार्य, कार्य की वित्तीय व्यवस्था, कार्य का समापन, कार्य की गुणवत्ता, रिवार्ड के साथ ही एससीएम, एनआईपी, ओओएमएफ, एससीएएफ, तुलिप के तहत कु ल 140 अंकों की विभिन्न श्रेणियों, ऐसे में इंदौर स्मार्ट सिटी द्वारा किए जा रहे कार्यों की ओवर ऑल रैंकिंग में 124.94 अंक प्राप्त कर देश की समस्त स्मार्ट सिटी में इंदौर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। ओवरऑल इंडिया की स्मार्ट सिटी में इंदौर प्रथम रैंकिंग प्राप्त करने के साथ ही सूरत एवं उदयपुर के साथ ही अन्य स्मार्ट सिटी द्वारा भी रैंकिंग में स्थान प्राप्त किया है।

# मध्यप्रदेश के आठ जिलों को मिला खाद्य सुरक्षा पहल के लिए ईट-राइट चैलेंज पुरस्कार, इंदौर ने प्राप्त किया सर्वोच्च स्थान

## प्रदेश की चार स्मार्ट सिटी को मिला ईट-स्मार्ट सिटीज चेलेंज में शीर्ष 11 स्मार्ट सिटी में स्थान



जन प्रकाशन ■ इन्दौर

मध्यप्रदेश के 8 जिलों- इंदौर, भोपाल, उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर, रीवा, सागर और सतना को आज एफडीए भवन में कार्यक्रम में ईट-राइट चैलेंज फॉर सिटीज एंड डिस्ट्रिक्ट्स के तहत खाद्य सुरक्षा को लेकर सकारात्मक परिवर्तन के लिये सम्मानित किया गया। साथ ही मध्यप्रदेश की 4 स्मार्ट सिटी- इंदौर, जबलपुर, सागर और उज्जैन को ईट-स्मार्ट सिटीज चेलेंज में शीर्ष 11 स्मार्ट सिटी में स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया गया। विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर कार्यक्रम में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया द्वारा पुरस्कार वितरित किये गये। स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण एवं भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरूण सिंघल भी उपस्थित थे। ईट-राइट चैलेंज फॉर सिटीज एंड डिस्ट्रिक्ट्स के तहत खाद्य सुरक्षा की पहलों को अपनाने, नियम और परिवर्तन के बढ़ावा देने के प्रयासों को मान्यता देने के उद्देश्य से देश के 75 शहरों और जिलों को विजेता चुना गया है। इस स्पर्धा में देश के 188 शहरों ने अपना पंजीकरण किया था, जिनमें से सर्वोच्च अंकों के साथ इंदौर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। भोपाल, उज्जैन, जबलपुर ने क्रमशः 3, 5 और 7वाँ स्थान प्राप्त किया है। ग्वालियर को 12वाँ, रीवा को 17वाँ, सागर को 23वाँ और सतना को 74वाँ स्थान प्राप्त हुआ है। पुरस्कार खाद्य सुरक्षा आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े द्वारा ग्रहण किये गये। ईट-स्मार्ट सिटीज चेलेंज के तहत घरेलू स्तर पर रिसाइक्लिंग और अतिशेष भोजन दान करने की नीति के लिये इंदौर स्मार्ट सिटी को पुरस्कृत किया गया, जिसका पुरस्कार अतिरिक्त कलेक्टर अभय बेडेकर ने ग्रहण किया। जबलपुर स्मार्ट सिटी को बच्चों में मोटापे की समस्या से निपटने के लिये कार्टून किरदारों द्वारा व्यवहार परिवर्तन को लेकर शुरू की गई पहल के लिये सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार स्मार्ट सिटी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुश्री निधि सिंह राजपूत ने ग्रहण किया। सागर स्मार्ट सिटी द्वारा बच्चों को खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण देने के लिये विडियो गेम और युवा पोषण एम्बेसेडर तैयार करने के लिये पुरस्कृत किया गया।

# इन्दौर से विधायक संजय शुक्ला कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी घोषित



जन प्रकाशन ■ इन्दौर/भोपाल

मध्य प्रदेश कांग्रेस ने महापौर पद के 15 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए। तीन विधायकों (संजय शुक्ला-इंदौर एक, महेश परमार- तराना, सिद्धार्थ कुशवाह- सतना) को पार्टी ने चुनाव मैदान में उतारा है तो एक विधायक की पत्नी पर भरोसा जताया गया है। रतलाम नगर निगम के महापौर पद के लिए प्रत्याशियों के नाम पर मंथन जारी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने दिनभर निकायवार प्रभारी, स्थानीय विधायक और वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक करने के बाद गुरुवार देर शाम उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी। कमलनाथ ने सभी वरिष्ठ नेताओं से चर्चा करने के बाद सहमति के आधार पर उम्मीदवारों के नाम तय किए। एक-एक निकाय के प्रभारी और स्थानीय विधायकों से फीडबैक लिया। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से कहा कि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव काफी अहम हैं, इसलिए पूरी ताकत से जुट जाएं। पार्टी के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं रखें। इसके पहले कमलनाथ ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मीडिया से चर्चा में कहा था कि चुनाव में सभी लोग टिकट मांगते हैं लेकिन किसी एक को मिल पाता है। हम किसी व्यक्ति को नहीं बल्कि संगठन को मजबूत करने वाला फैसला करेंगे। टिकट को लेकर खींचतान पर उन्होंने कहा कि मैं 45 साल से राजनीति कर रहा हूं। सब लोग अच्छा काम करते हैं और टिकट चाहते हैं। ऐसे में कभी-कभी तनाव हो जाता है।

### इन्हें बनाया उम्मीदवार

| | |
|---|---|
| ■ भोपाल | विभा पटेल |
| ■ इन्दौर | संजय शुक्ला |
| ■ जबलपुर | जगत बहादुर सिंह अन्नू |
| ■ उज्जैन | महेश परमार |
| ■ मुरैना | शारदा सोलंकी |
| ■ ग्वालियर | शोभा सिकरवार |
| ■ सागर | निधि जैन |
| ■ रीवा | अजय मिश्रा |
| ■ सतना | सिद्धार्थ कुशवाहा |
| ■ कटनी | श्रेया खंडेलवाल |
| ■ सिंगरौली | अरविंद सिंह बघेल |
| ■ देवास | विनोदिनी रमेश व्यास |
| ■ खंडवा | आशा मिश्रा |
| ■ बुरहानपुर | शहनाज अंसारी |
| ■ छिंदवाड़ा | विक्रम अहाके |

# कांग्रेस ने उज्जैन से महेश परमार का महापौर प्रत्याशी के लिए चयन किया

जन प्रकाशन ■ उज्जैन

मध्यप्रदेश में नगरी निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस ने महापौर प्रत्याशी भाजपा से पहले घोषित कर दिए गए हैं। कांग्रेस ने गुरुवार देर शाम सूची भी जारी कर दी है जिसमें उज्जैन की तराना विधानसभा के विधायक महेश परमार को महापौर पद का दावेदार घोषित किया है। संभवत नगर निगम चुनाव में पहली बार नियमित विधायक को महापौर का चुनाव लड़वाया जा रहा है। इसके पूर्व महापौर प्रत्याशी पर बेरवा समाज से उम्मीदवार खड़े होने की मांग लगातार की जा रही थी, इसके लिए समाज का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को भोपाल में प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ से मिला भी था, लेकिन कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने विधायक महेश परमार के नाम पर मोहर लगा दी।



परमार ने चर्चा में बताया कि शहर जिला अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे। बेरवा समाज भी परिवार के लोग हैं और पूर्व में कई लोगों को पार्टी ने उम्मीदवार घोषित किया था। कांग्रेस पार्टी सभी धर्म को सम्मान देती है। महेश परमार ने कहा, भाजपा के बोर्ड में उज्जैन की हालत खराब हो गई है, लोकल मुद्दों को लेकर चुनाव लड़ेंगे, खासकर महंगाई को लेकर इस बार चुनाव लड़ा जा रहा है, भाजपा बौखला गई है।

## थाना लसूड़िया अन्तर्गत दर्दनाक हादसा, युवती को ट्रक ने रौंदा

जन प्रकाशन ■ इन्दौर

लसूड़िया थाना के पास हुए एक दर्दनाक हादसे में युवती की जान चली गई। पुलिस के अनुसार दुर्घटना में ट्रक ने युवती को कुचल दिया जिससे उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि हादसे के करीब दस मिनट पहले ही युवती ने अपने पिता को कॉल कर कहा था कि पापा मेरी नौकरी लग गई। युवती का नाम साक्षी पिता मनोज शर्मा उम्र 24 साल। निवासी श्यामनगर सुखलिया, इन्दौर है।

उल्लेखनीय है कि साक्षी गुरुवार सुबह शशांक के साथ देवास नाके के समीप एक कॉलेज में इंटरव्यू के लिए गई थी। जॉब मिलने पर उसने पिता को फोन कर यह खुशखबरी सुनाई थी।

# महाकाल मंदिर की भस्म आरती के अब चलित दर्शन भी होंगे

## पंजीयन के बाद बचे श्रद्धालुओं को मिलेगा लाभ, प्रयोग के रूप में अभी 7 दिन की जाएगी व्यवस्था

जन प्रकाशन ■ उज्जैन

**देशभर के महाकाल भक्तों के लिए खुश खबर है। अब महाकाल मंदिर में सुबह होने वाली भस्म आरती में कोई भी श्रद्धालु अब दर्शन से वंचित नहीं रहेगा। महाकाल मंदिर प्रबंध समिति ने अब भस्म आरती के चलित दर्शन श्रद्धालुओं को कराने का निर्णय लिया है लेकिन अभी प्रयोग के रूप में 7 दिन यह दर्शन कराए जाएंगे।**

महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की बैठक मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा कर निर्णय लिये गये।

बैठक में पुलिस अधीक्षक सत्येन्द्र कुमार शुक्ला, अंशुल गुप्ता आयुक्त नगर पालिक निगम, ए.डी.एम. संतोष टैगोर, उज्जैन विकास प्राधिकरण एवं



स्मार्ट सिटी सीईओ आशीष पाठक, महन्त विनित गिरी जी महाराज, प्रशासक गणेश कुमार धाकड़, मंदिर प्रबंध समिति सदस्य पुजारी उपस्थित थे।

बैठक में उत्तम वृष्टि हेतु पंच दिवसीय महारूद्राभिषेक 22 से 26 जून तक आयोजित किये जाने पर सहमति व्यक्त की गई। साथ ही भगवान श्री महाकालेश्वर की भस्मार्ती के दौरान पंजीयनधारी श्रद्धालुओं के अतिरिक्त अन्य श्रद्धालुओं को सिंहस्थ 2016 में की गई व्यवस्था के अनुरूप कार्तिकेय मंडपम की अंतिम 2 पंक्तियों से दर्शन कराया जाकर मंदिर परिसर से बाहर की ओर प्रस्थान कराये जाने पर विचार किया गया।

इस संबंध में अध्यक्ष एवं कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा श्रद्धालुओं के प्रवेश- निर्गम, आरती में सम्मिलित होने के समय व मार्ग आदि विषयों पर चर्चा कर प्रायोगिक रूप से 7-8 दिन के लिये प्रारंभ करने पर सहमति व्यक्त की गई। श्रद्धालुओं को भस्म आरती में चलित दर्शन व्यवस्था कब से लागू होगी, अभी यह निर्णय नहीं लिया गया है लेकिन शीघ्र ही वह श्रद्धालु जो देशभर से आते हैं, भस्म आरती के दर्शन के लिए लेकिन पंजीयन के कारण दर्शन नहीं कर पाते, उन्हें अब महाकाल की आरती में दर्शन करने का अवसर मिलेगा। शीघ्र ही यह व्यवस्था लागू होगी, लेकिन यह दर्शन व्यवस्था अभी 7 दिन के लिए की जाएगी। यह व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रही तो इसे आगे बढ़ाया जाएगा।

# ऑनलाइन गेम ने ली एक और मासूम की जान

## लूडो में पैसे हारा तो लगाई फांसी

जन प्रकाशन ■ इन्दौर

मैं जो भी कर रहा हूं स्वेच्छा से कर रहा हूं। मैंने ऑनलाइन गेम में पैसे हारे हैं, इस वजह से यह कदम उठा रहा हूं। बंसत देवीदास गवले, राधे राधे कृष्णा- कुछ इस तरह का सुसाइड नोट लिखकर इंदौर में रहने वाले पांच बहनों के इकलौते भाई बसंत (23) ने



फांसी लगा ली। उसे ऑनलाइन लूडो खेलने की लत थी। गेम में पैसे हारने के कारण वह तनाव में था। वह मूल रूप से महाराष्ट्र के हिंगोली का रहने वाला था और यहां अपने जीजा के यहां रहता था। सोमवार को बहन बैंक गई तब उसने कमरे में जाकर जान दे दी।

### हो गया था 17 हजार रुपए का कर्ज

पुलिस के अनुसार मृतक बसंत एक निजी कंपनी में काम करता था। वह ऑनलाइन लूडो में रुपए हार गया था। सुसाइड नोट में उसने रुपए हारने की बात लिखी है। कुछ दिन पहले उसने अपने जीजा को 17 हजार रुपए का कर्ज होने की बात की थी। जिसमें उसने अपने मालिक से रुपए लेकर किश्तों में लौटाने के लिए कहा था। संभवत: उसने ब्याज पर रुपए लिए थे।



मोबाइल की कॉल व अन्य डिटेल मिलने के बाद स्थिति और स्पष्ट होगी।

### पांच बहनों का इकलौता भाई था

जीजा पिंटू के मुताबिक बंसत की पांच बहनें हैं, जिसमें से तीन इंदौर में रहती हैं। इसके साथ ही एक बहन माता-पिता के साथ महाराष्ट्र में ही रहती है। बंसत के पिता किसान हैं। करीब एक साल से वह अपनी दीदी और जीजा के साथ इंदौर में रह रहा था।

# सद्गुरु ने भारत की मिट्टी की ताकत दुनिया को दिखा दी है, मिट्टी बचाओ अभियान में कदम से कदम मिलाकर चलेगा मध्यप्रदेश





जन प्रकाशन ■ भोपाल

**मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सद्गुरु श्री योगी वासुदेव जग्गी ने भारत की मिट्टी की ताकत दुनिया को दिखा दी है। उन्होंने यूरोप, मध्य एशिया, उत्तर पूर्व सहित विभिन्न देशों से गुजरते हुए दुनिया को मिट्टी बचाने का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि सारी दुनिया एक परिवार है।**

सद्गुरु ने भौतिक और अध्यात्म का अद्भुत समन्वय कर दिखाया है। विश्व के कल्याण के लिए सद्गुरु मिट्टी बचाने के अभियान में निकले पड़े हैं। हमारा शरीर पाँच तत्वों से मिलकर बना है, उसमें से एक मिट्टी भी है।

मुख्यमंत्री यहाँ मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में सद्गुरु योगी वासुदेव जग्गी की उपस्थिति में आयोजित मिट्टी बचाओ जन-जागरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सद्गुरु वासुदेव अपनी बाइक यात्रा में प्रदेश के सागर, विदिशा एवं रायसेन होते हुए भोपाल पहुँचे। मुख्यमंत्री ने पीपल का पौधा, रानी कमलापति की मूर्ति तथा शाल-श्रीफल भेंटकर सद्गुरु का स्वागत किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि धरती की उर्वरा शक्ति कम होती जा रही है। सद्गुरु के मिट्टी बचाओ अभियान में जन-सहयोग से मध्यप्रदेश कदम से कदम मिलाकर चलेगा। उन्होंने कहा कि मैं स्वयं प्रति-दिन पौधा लगाता हूँ, जिसमें सामाजिक संस्थाएँ भी सहयोग कर रही हैं।

सद्गुरु के बताये मार्ग पर चलकर नर्मदा सेवा यात्रा निकाली गई थी। नर्मदा नदी के आस-पास पौधे लगाने का कार्य हमनें किया है। एक बड़ा पेड़ लाखों जीव-जंतुओं को आश्रय देता है। इस धरती पर सभी जीवों का अधिकार है। प्राकृतिक संतुलन बनाये रखकर परिस्थितिकी तंत्र मजबूत करना हमारा लक्ष्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जलाभिषेक अभियान में म.प्र. पाँच हजार अमृत सरोवर बना रहा है। पेड़ लगने से मिट्टी के कटाव को रोका जा सकेगा। जलाभिषेक अभियान भू-जल को बढ़ायेगा। ऊर्जा साक्षरता अभियान में हम सोलर ऊर्जा को बढ़ावा दे रहे हैं। जैविक खेती और प्राकृतिक खेती पर ध्यान दे रहे हैं। प्रदेश में साढ़े 7 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में जैविक खेती कर रहे हैं। हमने पर्यावरण समिट करना तय किया है। सद्गुरु सारी दुनिया को राह दिखाने में अद्भुत कार्य कर रहे हैं।


उन्होंने सद्गुरु के बताये मार्ग पर चलने और मिट्टी बचाने का संकल्प दिलाया।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने धरती एवं मिट्टी बचाने और पौध-रोपण से जन-जागरूकता के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मिट्टी बचाओ अभियान का मुख्य उद्देश्य सभी देशों को यह संदेश देना है कि कृषि भूमि में आवश्यक मात्रा में जैविक तत्व बनाये रखा जाये। हरियाली अमावस्या से एक माह का वृक्षारोपण अभियान चलायेंगे। म.प्र. को हरा-भरा बनाकर चैन लेंगे।

सद्गुरु वासुदेव जग्गी ने कहा कि 100 दिन की यात्रा का यह 79वाँ दिन है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग को ध्यान में रखकर पर्यावरण-संरक्षण जरूरी है। रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से मिट्टी की उर्वरक शक्ति धीरे-धीरे कम होती जा रही है। जीव-जंतुओं और पेड़-पौधों की रक्षा करने के लिए मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनाये रखने के प्रयास किए जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पारिस्थितिकी तंत्र में जैव-विविधता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मिट्टी की उर्वरा क्षमता कम होने से धरती पर अन्न का उत्पादन कम होगा, जिससे भोजन की समस्या बढ़ जायेगी। इसलिए मिट्टी में पर्याप्त जैविक तत्व मौजूद हों, इसके लिए हम सबको आगे आना होगा।

सभी जीवों के लिए मिट्टी का बहुत महत्व है। मिट्टी-संरक्षण के लिए पूरा प्रयास करने का संकल्प लें। उन्होंने मध्यप्रदेश में किए जा रहे मिट्टी बचाने एवं पर्यावरण-संरक्षण के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने मुख्यमंत्री को पॉलिसी डॉक्यूमेंट पुस्तिका भेंट की। मुख्यमंत्री ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पॉलिसी डाक्यूमेंट का पूरी गंभीरता से अध्ययन कर लागू किया जाएगा।

## पंचायत चुनाव के निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन



जन प्रकाशन ■ भोपाल

सचिव राज्य निर्वाचन आयोग राकेश सिंह ने जानकारी दी है कि त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन में 10 जून को अपरान्ह 3 बजे के बाद अभ्यर्थियों को निर्वाचन प्रतीक आवंटित किये जायेंगे। उन्होंने बताया है कि 10 जून को अपरान्ह 3 बजे तक अभ्यर्थी नाम वापस ले सकते हैं। प्रथम चरण का मतदान 25 जून, दूसरे चरण का एक जुलाई और तीसरे चरण का मतदान 8 जुलाई को सुबह 7 से अपरान्ह 3 बजे तक होगा।

### जिला पंचायत सदस्य के लिए निर्वाचन प्रतीक

तीर कमान, दो पत्तियाँ, ऊगता सूरज, पतंग, छाता, गाड़ी, लालटेन, फावड़ा और बेलचा, बिजली का बल्ब, सिलाई की मशीन, हाथ चक्की, टेबल पंखा, स्लेट, रेडियो, हारमोनियम, दो तलवार और एक ढाल, पिचकारी, मटका, अंगूठी, बल्ला, चाबी, मोमबत्तियाँ, कढ़ाई, सीटी, सिर पर टोकरी सहित औरत, लड़का-लड़की, नाव, बेंच, गैस सिलेण्डर, गैस स्टोव, सिगड़ी, संडसी, गैस बत्ती, गुब्बारा, मेज, कुर्सी, मोरपंख, पीपल का पत्ता और सूरज-मुखी।

### जनपद पंचायत सदस्य के लिये निर्वाचन प्रतीक

ब्लेक बोर्ड, बरगद का पेड़, झोपड़ी, ट्रेक्टर चलाता हुआ किसान, तराजू, फसल काटता हुआ किसान, मशाल, अलमारी, छत का पंखा, टेलीविजन, रेल का इंजन, टेलीफोन, डीजल पंप, प्रेशर कुकर, कप प्लेट, लेटर बाक्स, आरी, कंघी, ढोलक, ड्रम, भोंपू, चारपाई और दरवाजा।

### सरपंच के लिये निर्वाचन प्रतीक

चश्मा, कांच का गिलास, फलों सहित नारियल का पेड़, हस्तचलित पंप, ताला और चाबी, अनाज बरसाता हुआ किसान, सब्जियों की टोकरी, घंटी, टेबल लेंप, खंभे पर ट्यूब लाइट, हार, किताब, स्टूल, कलम दवात, कुआँ, गेहूँ की बाली, बस, पुल, नल, लट्टू, जग, हॉकी और गेंद, टोप और वायलिन।

### पंच के लिये निर्वाचन प्रतीक

सीढ़ी, फावड़ा, बाल्टी, हल, कुल्हाड़ी, बिजली का स्विच, मक्के का भुट्टा, कैंची, केतली और बेलन।

### अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने पर आवंटित किये जाने वाले अतिरिक्त प्रतीक

बनियान, कमीज, फ्रॉक, गुलाब का फूल, पोत, स्कूटर, जीप, वायुयान, रोड-रोलर, सेव, मूली, आम, केला और लेडी पर्स।

## जन-कल्याणकारी योजनाओं और विकास गतिविधियों के क्रियान्वयन में जन-प्रतिनिधि और शासकीय अधिकारी-कर्मचारी समर्पण और प्रतिबद्धता से जुड़ें



जन प्रकाशन ■ भोपाल

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि जन-कल्याणकारी योजनाओं और विकास गतिविधियों के क्रियान्वयन में जन-प्रतिनिधि और शासकीय अधिकारी-कर्मचारी समर्पण और प्रतिबद्धिता के साथ जुड़ें। यह सुनिश्चित किया जाए कि कार्यों में विलम्ब न हो।

गरीबी और पलायन अलीराजपुर जिले की मुख्य समस्याएँ हैं। राज्य शासन द्वारा जनता का जीवन-स्तर सुधारने के लिए आवश्यक सभी पक्षों से जुड़ी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसमें जनता की भागीदारी को जोड़ कर योजनाओं को अधिक परिणाममूलक बनाया जा सकता है।

स्कूल चलें अभियान को जन-अभियान बनाना आवश्यक है। जो योजनाएँ और विकास गतिविधियाँ पहले से संचालित हो रही हैं, वे आदर्श आचार संहिता से प्रभावित नहीं होंगी। इनका निरंतर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

आकांक्षी विकासखंडों में बेहतर कार्य के लिए विभिन्न सूचकांकों के आधार पर जिले में विकासखंडों की रैंकिंग की व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री प्रातः 6.30 पर निवास कार्यालय से अलीराजपुर जिले की वर्चुअली समीक्षा कर रहे थे। अलीराजपुर जिले के प्रभारी और औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री श्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव, कलेक्टर श्री राघवेन्द्र सिंह तथा जिले के समस्त अधिकारी अलीराजपुर से बैठक में वर्चुअली सम्मिलित हुए।

अलीराजपुर के 5 कन्या शिक्षा परिसर के निर्माण में हुए विलम्ब पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 में स्वीकृत कार्य वर्ष 2022 तक पूर्ण न होना कष्टप्रद है।

मुख्यमंत्री ने तत्काल प्रमुख सचिव लोक निर्माण नीरज मंडलोई को वीडियो कांफ्रेंसिंग से जोड़ने के निर्देश दिए तथा संबंधित ठेकेदार को ब्लेक लिस्ट करने और संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने वन विभाग की स्वीकृति नहीं मिलने से तीन सड़क के लम्बित निर्माण पर आपत्ति दर्ज की। उन्होंने कहा कि जिला-स्तर पर निर्माण एजेंसियों तथा अन्य संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित किया जाए। हम 21वीं सदी में रह रहे हैं, निर्माण एजेंसियाँ इसके अनुरूप कार्य करें। कार्य लम्बित होने से लागत बढ़ती है और जन-सामान्य को लम्बे समय तक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। मुख्यमंत्री ने आकांक्षी विकासखंड उदयगढ़ और सोंडवा में सुधार की आवश्यकता बताई।

# मिताली राज ने लिया क्रिकेट से संन्यास

## 22 गज की पिच पर 23 वर्ष के सफर का हुआ अंत

**मुम्बई ■ एजेंसी**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मिताली राज ने इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। उन्होंने ट्विटर पर अपने रिटायरमेंट का ऐलान किया। इसके साथ ही 22 गज की पिच पर 23 वर्षों से चला आ रहा करिश्माई सफर का अंत हो गया। मिताली राज ने 2019 में टी20 इंटरनेशनल से संन्यास लिया था। उन्होंने ने 89 टी-20 इंटरनेशनल मैचों में कुल 2,364 रन बनाए, जो इस फॉर्मेट में किसी भी भारतीय द्वारा सबसे ज्यादा है।

1999 में 16 साल की उम्र में भारत के लिए खेलना शुरू करने वाली मिताली खेल की सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में से एक हैं। उन्होंने 12 टेस्ट, 232 एकदिवसीय और 89 20टी में भारत का प्रतिनिधित्व किया और वह कप्तान भी थीं, जिसने टीम इंडिया को दो विश्व कप के फाइनल में पहुंचाया। एकदिवसीय मैचों में वह दुनिया में सबसे अधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी हैं। उन्होंने सात शतक और 64 अर्द्धशतक के दम पर 7805 रनों के साथ कैरियर समाप्त किया।



मिताली ने अपने अंतरराष्ट्रीय कैरियर में 232 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में रिकॉर्ड 7805 रन बनाए। उन्होंने 12 टेस्ट और 89 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया। यह 39 वर्षीय बल्लेबाज पहले ही टी20 प्रारूप से संन्यास ले चुकी हैं और मार्च में एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्व कप में भारत का अभियान खत्म होने के बाद उनके संन्यास लेने की उम्मीद की जा रही थी।

मिताली ने संन्यास की घोषणा करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा- मैं भारत की नीली जर्सी पहनने की यात्रा पर निकली थी, क्योंकि अपने देश का प्रतिनिधित्व करना सबसे बड़ा सम्मान होता है। मैंने अपनी यात्रा में कई शीर्ष लम्हे देखे और कुछ मुश्किल दौर का भी सामना किया। इस हर लम्हे ने मुझे कुछ नया सिखाया और पिछले 23 साल मेरे जीवन के सबसे संतोषजनक, चुनौतीपूर्ण और आनंददायक वर्ष रहे। उन्होंने लिखा- पूरी यात्रा का आनंद लिया, इसका भी अंत होना ही था। आज वह दिन है जब मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूप से संन्यास लेती हूं।

**पैरा विश्व कप**

# अवनी ने विश्व रिकॉर्ड के साथ जीता गोल्ड



**मुम्बई ■ एजेंसी**

टोक्यो पैरालंपिक चैंपियन अवनी लेखरा ने मंगलवार को फ्रांस के चेटियारो में पैरा निशानेबाजी विश्व कप की महिला 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 स्पर्धा में 250.6 अंक के विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। बीस साल की अवनी ने 249.6 के अपने ही विश्व रिकॉर्ड को तोड़कर 2024 पेरिस पैरालंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई किया। पोलैंड की एमीलिया बाबस्का ने 247.6 अंक के साथ रजत पदक जीता जबकि कांस्य पदक स्वीडन की अना नोर्मन के नाम रहा जिन्होंने 225.6 अंक जुटाए। राइफल स्पर्धाओं के एसएच1 वर्ग में वे निशानेबाज हिस्सा लेते हैं जिनके निचले अंगों में विकृति है।

# केएल राहुल पूरी सीरीज से बाहर, टीम की कमान अब ऋषभ पंत को

**मुम्बई ■ एजेंसी**

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच गुरुवार 9 जून से पांच मैचों की टी20 सीरीज का आगाज होना है। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में पहला मुकाबला खेला जाएगा।

मैच से पूर्व एक बड़ी खबर सामने आ रही है कि इस सीरीज के लिए कप्तान बनाए गए केएल राहुल अब चोट के कारण पूरी सीरीज से बाहर हो गए हैं। टीम की कमान अब उपकप्तान ऋषभ पंत को सौंपी जाएगी। पंत पहली बार अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अब भारतीय टीम की कप्तानी करते नजर आएंगे।बीसीसीआई द्वारा ट्विटर पर जानकारी दी गई की कप्तान केएल राहुल और उनके साथ टीम के चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव चोट के कारण पूरी सीरीज से बाहर हो गए हैं।



ऑल इंडिया सीनियर सेलेक्शन कमेटी द्वारा ऋषभ पंत को टीम का कप्तान और हार्दिक पंड्या को उपकप्तान बनाया गया है। हालांकि, अभी तक इन दोनों खिलाड़ियों के रिप्लेसमेंट की घोषणा नहीं की गई है।बीसीसीआई ने अपने अगले ट्वीट में यह भी जानकारी दी की दोनों खिलाड़ियों को कैसे आखिर चोट लगी।

# आकाश दीप ने 8 छक्के लगाकर बनाया प्रथम श्रेणी का सबसे तेज अर्द्धशतक

**मुम्बई ■ एजेंसी**

आईपीएल 2022 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से खेले आकाशदीप ने रणजी ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में धमाल मचा दिया। बिहार में जन्मे आकाश ने बंगाल की ओर से झारखंड के खिलाफ खेले गए मुकाबले में महज 18 गेंदों पर 53 रन जड़ दिए। आकाश की पारी की खूबसूरती यह रही कि उन्होंने अपनी पारी में आठ छक्के लगाए। यह संभवत: प्रथम श्रेणी क्रिकेट का सबसे तेज अर्धशतक में से एक है।




# गर्ल चाइल्ड सेफ्टी पर आधारित फिल्म 'यस पापा' को रवीना टंडन ने दी अपनी आवाज



पेटा से लेकर यूनिसेफ तक, रवीना टंडन हमेशा परोपकारी कार्यों में शामिल रही हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराधों से निपटने वाली फिल्म मातृ में नजर आने वाली अभिनेत्री सामाजिक मुद्दों के बारे में भी बेबाक रही हैं। बालिकाओं के साथ दुर्व्यवहार पर आधारित, एक ऐसा अपराध जो हमारे समाज में मौजूद है और जिसे अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है क्योंकि बहुत कम लोग शिकायत दर्ज कराने या अपराधियों के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई करने का साहस जुटा पाते हैं। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेत्री रवीना टंडन को लगता है, बिना सनसनीखेज हुए, सैफ दृढ़ता से अपनी बात रखते हैं जिससे हमारे समाज में जागरूकता पैदा होगी।

सैफ के यस पापा हमारे समाज में बच्चों की सुरक्षा की बात करते हैं, जो हमारा लोकतांत्रिक और मौलिक अधिकार है। नाटककार और थिएटर निर्देशक से फिल्म निर्माता बने सैफ हैदर इस कहानी को एक अलग तरीके से बताना चाहते थे। मुझे यकीन था कि पारंपरिक कहानी कहने से न्याय नहीं होगा, इसलिए मैंने एक ऐसी दुनिया बनाई जो मेरे दर्शकों को परेशान करेगी और वे अंतर्धारा महसूस करेंगे, श्रद्धा कपूर, जैकी श्रॉफ, सोनाली कुलकर्णी और जीनत अमान, जैसे कलाकार तथा निर्देशक आकाश खुराना, अभिषेक चौबे और भरत दाभोलकर जैसे दिग्गजों ने भी सैफ की फिल्म को सपोर्ट किया। इस फीचर फिल्म में अनंत नारायण महादेवन, गीतिका त्यागी, तेजस्विनी कोल्हापुरे और नंदिता पुरी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। दूसरी ओर, यह ज्ञात तथ्य है कि मातृ के अलावा, रवीना टंडन कई फिल्मों का हिस्सा रही हैं जो दमन (घरेलू हिंसा पर), सट्टा (राजनीति पर) जैसे समाज की वास्तविकता को दर्शाती हैं। यह कहते हुए कि फिल्में समाज का प्रतिबिंब हैं, उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी अन्य कला की तरह, फिल्मों के लिए भी, फिल्म का प्रकार और समाज का प्रकार भी मायने रखता है। -सा.

# फ्राइडे नाइट प्लान वेब सीरीज में हुई जूही चावला की एंट्री

एक्ट्रेस जूही चावला ने इंडस्ट्री में अपनी शानदार एक्टिंग से खूब धाक जमाई है और लोगों के दिलों में भी राज किया है। फिल्मों के बाद अब एक्ट्रेस वेब सीरीज में दिखाई देंगी।



फ्राइडे नाइट प्लान सीरीज में जूही चावला की एंट्री हो गई है। फ्राइडे नाइट प्लान वेब सीरीज में शामिल होने की जानकारी जूही चावला ने अपने ट्विटर हैंडल पर दी है। जूही ने ट्विटर पर वीडियो और वेब सीरीज निर्माताओं द्वारा भेजे गये गिफ्ट की झलक शेयर की है। वीडियो में निर्माताओं द्वारा भेजा गया गिफ्ट और वेलकम कार्ड भी दिख रहा है, जिसमें मेकर्स वेब सीरीज में जूही का काफी गर्म जोशी से स्वागत कर रहे हैं। जूही को भेजे गये नोट में निर्माताओं ने लिखा, प्रिय जूही, हम आपको फ्राइडे नाइट प्लान की टीम में जोड़ने पर बहुत ही उत्साहित हैं और आपके साथ इस अविश्वसनीय जर्नी की शूटिंग को शुरू करने के लिए भी उत्सुक हैं। वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर कर जूही चावला ने फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी का धन्यवाद करते हुए लिखा- इस गर्मजोशी से स्वागत के लिए रितेश और फरहान अख्तर आपका धन्यवाद। जल्द मिलते है एक्सेल मूवीज पर। उल्लेखनीय है कि वेब सीरीज फ्राइडे नाइट प्लान में जूही चावला फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी के साथ काम करती नजर आएंगी। -सा.

# शमिता और राकेश बापट का हुआ ब्रेकअप!

एक्ट्रेस शमिता शेट्टी और राकेश बापट बिग बॉस 15 में एक साथ नजर आने के बाद अपने रिलेशनशिप को लेकर अक्सर चर्चा में रहते हैं। दोनों को कई दफा एक साथ स्पॉट भी किया जाता है, जहां दोनों कैमरे के सामने एक दूजे संग जबरदस्त पोज देते नजर आते हैं। इसी बीच शमिता-राकेश के फैंस के लिए



शॉकिंग न्यूज सामने आई है। खबर है कि दोनों का ब्रेकअप हो गया है। स्टार्स के एक करीबी सूत्र ने बताया कि शमिता और राकेश ने सौहार्दपूर्ण तरीके से अपने रास्ते अलग कर लिए हैं। दोनों एक-दूसरे का बहुत सम्मान करते हैं और दोस्त बने रहेंगे। हालांकि, इन सब खबरों पर शमिता शेट्टी और राकेश बापट की ओर से अभी तक कोई ऑफिशियल बयान सामने नहीं आया है। बताते चलें, शमिता शेट्टी और राकेश बापट जल्द ही एक म्यूजिक वीडियो में एक साथ नजर आएंगे।

# 75 किमी की सड़क 105 घंटे में बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड






## अमरावती से अकोला के बीच नेशनल हाईवे-53 पर एनएचएआई ने यह कारनामा किया

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने सड़क निर्माण के मामले में विश्व रिकॉर्ड बनाया। इस रिकॉर्ड को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड की लिस्ट में शामिल किया गया। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने एक ट्वीट करके बताया है कि एनएचएआई ने 105 घंटे और 33 मिनट में 75 किलोमीटर की सिंगल लेन सड़क बना दी। यह कारनामा करके एनएचएआई ने कतर का तीन साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा है। नितिन गडकरी ने बताया कि महाराष्ट्र में अमरावती से अकोला के बीच नेशनल हाईवे-53 पर राज पाथ इंफ्राकॉन प्राइवेट लिमिटेड और जगदीश कदम ने 3 से 7 जून के बीच 75 किलोमीटर लंबी सड़क तैयार कर दी। इस सड़क को बनाने के लिए असफाल्ट/ बिटुमिनस कांक्रीट का इस्तेमाल किया गया।



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने ट्वीट करके बताया इतनी लंबी सड़क को बनाने में सिर्फ 105 घंटे और 33 मिनट का समय लगा। इसके लिए एनएचएआई के 800 कर्मचारी, 720 मजदूर, कई कंसल्टेंट ने लगातार काम किया। 3 जून को सुबह 7 बजकर 27 मिनट पर काम शुरू हुआ था। इस सड़क का काम 7 जून को सुबह 5 बजे पूरा हो गया। मंत्री गडकरी ने यह भी बताया कि इससे पहले यह रिकॉर्ड कतर के दोहा में पीडब्ल्यूडी के नाम था। कतर ने 27 फरवरी 2019 को अल-खोर एक्सप्रेस-वे सड़क बनाने के लिए 10 दिन का समय लिया था। अब भारत ने उतनी ही लंबी सड़क सिर्फ 4 दिन में बना दी है। यह सड़क खनिजों से भरे इलाकों कोलकाता, रायपुर, नागपुर, अकोला, धुले और सूरत को जोड़ती है। मंत्री ने बताया कि यह स्ट्रेच अमरावती और अकोला जिले के बीच तैयार हुआ है। 75 किलोमीटर लंबा यह सिंगल लेन स्ट्रेच दो लेन वाले 37.5 37.5 किलोमीटर लंबे पेव्ड शोल्डर रोड के समतुल्य है।

## शाहपुर परिवहन विभाग के बैरियर ने की एक करोड़ से अधिक राजस्व की वसूली

**बुरहानपुर ■ एजेंसी**

मध्य प्रदेश- महाराष्ट्र सीमा पर स्थित परिवहन विभाग के चेक पोस्ट ने बीती तिमाही एक करोड सात लाख दस हजार नब्बे रु. का राजस्व वसूल किया है। यह राजस्व वित्तीय वर्ष 2021 से करीब 49 फीसद अधिक है। यह संभव हो पाया है बैरियर प्रभारी केपी अग्निहोत्री व उनकी समस्त टीम की मेहनत के चलते। आर.टी.ओ. बैरियर शाहपुर भोटा में पदस्थ आर.टी.आई. के.पी. अग्निहोत्री और उनके स्टाफ के प्रधान आरक्षक सुनिल कुमार गौड़ तथा आरक्षकों ने पूर्ण मनोयोग तथा कड़े परिश्रम से शासन के राजस्व वसूली के कार्य के साथ शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों तथा निर्देशों का पालन पूर्ण सजगता से करवाया गया। अन्तरराज्यीय सीमा होने से अवैध रूप से ओव्हर लोड वाहन एवं यात्रियों को लेकर आने-जाने वाले वाहनों को बैरियर में रोककर चेक करने पर उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की गई ।

चैक पोस्ट से गुजरने वाले माल वाहनों की चैकिंग हेतु कम्प्यूटरीकृत बैरियर है, जिसमें ऑनलाईन वाहन से सम्बन्धित सम्पूर्ण जानकारी सर्वर के माध्यम से आर.टी.ओ. मुख्यालय से जुड़ी हुई है। माल वाहनों में मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन पाये जाने तथा अन्य अपराधों पर कम्प्यूटरीकृत ऑनलाईन स्लिप जनरेट होकर शासन के शमन शुल्क जुर्माना भी राजस्व वसूली की गई।

मार्च 2022 कुल राजस्व - 2870530.00। अप्रेल 2022 कुल राजस्व-3418900.00। मई 2022 कुल राजस्व - 4420660.00। योग- 10710090.00। (एक करोड सात लाख दस हजार नब्बे रूपये) की वसूली की गई है जो कि गत वर्ष 2021 से तुलना में 48.85 प्रतिशत वृद्धि हुई है।

उल्लेखनीय है कि शासन के आदेशों के पालन में बैरियर से गुजरने वाले ट्रेक्टर-ट्रालियों में रिफ्लेक्टर लगाने का कार्य भी बैरियर स्टाफ ने अभियान चलाकर किया। इसके अतिरिक्त चैकपोस्ट से गुजरने वाले वाहनों/ यात्री वाहनों की सतत्



जांच की जाकर अनियमित पाये जाने पर उनसे शमन शुल्क जुर्माना वसूल किया जाकर शासन के राजस्व वसूली में वृद्धि के प्रयास, कड़े परिश्रम एवं लगन से किया जा रहा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक मनोज कुमार चौबे के लिए डीबी कॉर्प लि., 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर-एफ, इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित तथा 102-ए, अरण्य स्कीम नं. 78, एस-5, इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक :** मनोज कुमार चौबे (मो. 9200031247) ● RNI No. MPHIN/2013/50913
● डाक पंजीयन क्रं. : MP/IDC/1543/2020-2022 (सभी विवादों का न्यायक्षेत्र इन्दौर रहेगा)